## खबर संक्षेप

### बड़े भाई ने छोटे के सिर पर फावड़े से किया हमला

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परेवागार में बड़े भाई ने मामूली कहासुनी के बाद अपना आपा खो दिया और अपने ही छोटे भाई पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, परेवागार गांव में दो भाइयों के बीच किसी छोटी सी बात को लेकर बहस शुरू हुई थी। देखते ही देखते यह सामान्य विवाद इतना उग्र हो गया कि बड़े भाई ने आव देखा न ताव और पास ही रखे फावड़े से छोटे भाई के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। प्रहार इतना घातक था कि युवक का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायल युवक को लहूलुहान हालत में रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर आरोपी भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि विवाद की असली वजह क्या थी।

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को थाना बरही पुलिस को अवैध रेत परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जगुआ रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर जांच की गई, जहां बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्रॉली सहित रेत से भरा हुआ मिला। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई तथा वाहन को सुरक्षित चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, आरक्षक राजेश रंजन एवं विवेक कुमार यादव की विशेष भूमिका रही।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर बाइक जब्त

**कटनी।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले के विरुद्ध निवार चौकी पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा ग्राम निवार भदौरा क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 F 2350 का चालक दिलीप सिंह ठाकुर उर्फ अन्ना, पिता उजियार सिंह ठाकुर 27 वर्ष, निवासी ग्राम भदौरा, थाना माधवनगर को संदिग्ध स्थिति में वाहन लहराते हुए चलाते पाया गया।पुलिस द्वारा चालक को रोककर परीक्षण कराया गया, जिसमें वह शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। उक्त कृत्य मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर मौके पर ही मोटरसाइकिल को गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी चालक दिलीप सिंह ठाकुर के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी सहित इस्तगाशा न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार तथा आरक्षक अरविंद कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 1 मई को होगी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार 1 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति से संबंधित अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल परिसर की घटना का वीडियो हुआ वायरल, जिम्मेदार बोले कराएंगे जांच

# सिस्टम की संवेदनहीनता, हादसे में घायल मरीज की पत्नी से साफ करवाई एंबुलेंस!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला चिकित्सालय में सुविधायें एवं संसाधनों की उपलब्धता भले ही भरपूर है लेकिन यहां का सिस्टम अक्सर अपने कारनामों की वजह से चर्चा का विषय बना रहता है। अस्पताल में अक्सर संवेदनहीनता के मामले सामने आते रहते हैं। हद तो इस बात की है कि इस तरह की घटनाओं के बाद जिम्मेदार महज यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि जांच कराएंगे, दोषी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। हालांकि यह बात अलग है कि आज तक कोई भी कर्मचारी दोषी नहीं पाया गया। अब सवाल यह उठता है कि क्या अस्पताल पहुंचने वाले मरीज व तीमारदार झूठ बोलते हैं या फिर सोशल मीडिया में वायरल होने वाली तस्वीरें या वीडियो फेक हैं।

बहरहाल जिला अस्पताल परिसर की एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें एंबुलेंस कर्मचारियों पर आरोप है कि एक घायल मरीज की पत्नी से एंबुलेंस साफ करवाई गई। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### मरीज ने खिड़की से कर दी उलटी

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम उमरिया-बरही रोड पर खितौली के पास करेला ग्राम निवासी 32 वर्षीय राहुल बर्मन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। राहुल के सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें डायल 112 की मदद से पहले बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बरही में प्राथमिक उपचार के बाद, राहुल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बरही से कटनी लाते समय, दर्द और चोट के कारण मरीज राहुल ने एंबुलेंस की खिड़की से उल्टी कर दी।

### हालत गंभीर, जबलपुर रेफर

आरोप है कि जैसे ही एंबुलेंस क्रमांक CG 04 NV 6385 जिला अस्पताल पहुंची। कर्मचारी ने मरीज की पत्नी पर एंबुलेंस साफ करने का दबाव बनाया। सामने आए वीडियो में मरीज की पत्नी एंबुलेंस में पानी डालकर सफाई करती दिख रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान एंबुलेंस कर्मी संवेदनहीन बने रहे और उन्होंने महिला की कोई मदद नहीं की। कटनी जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद राहुल की हालत और बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### क्या बोले सीएमएचओ

इस पूरे मामले पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. राज सिंह ठाकुर ने पहले कहा कि संभवतः एंबुलेंस में ब्लीडिंग हुई होगी, जिसे महिला ने साफ किया होगा। हालांकि इसके बाद सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने कहा है कि इस तरह का कृत्य अस्वीकार्य नहीं किया जाएगा। एंबुलेंस प्रबंधक से बात कर मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी।



## महिला आरक्षण बिल 2023 लागू कराने हेतु अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के निर्देश पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौम्या राँधेलिया के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल अधिनियम लागू करो अभी करो अभियान की शुरुआत हुई।

सौम्या ने बताया कि इस अभियान के तहत कटनी के प्रत्येक वार्ड से महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोस्ट कार्ड भेजकर महिलाओ द्वारा आरक्षण वर्तमान की 543 लोकसभा सीटों में लागू करने की मांग की जा रही है।आज मुख्य डाक घर के समक्ष महिलाओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की गई।सभी महिलाओं ने पोस्टकार्ड में "33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करो अभी करो" , एसटी,एस सी,ओबीसी,वर्ग की महिलाओं को आरक्षण में तुरंत शामिल किए जाने की माँग शामिल है।महिला कांग्रेस ने बताया कि देश की भाजपा सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल पास कर देश की महिलाओं के साथ धोका करने का काम किया है,एवं देश में एक झूंठ भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि महिला आरक्षण बिल 2023 में पूर्ण बहुमत के साथ पारित हो चुका है जिसे भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम बिल का नाम देकर लाया था जो कि परिसीमन बिल पर मुखौटा था।सरकार के झूँठ को महिला कांग्रेस देश भर में बेनकाब करेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अजय खटिक,अजय जसवानी, माया चौधरी,मीनाक्षी वल्लवी,हेमा शर्मा,मुमताज बानो,मनीषा सोलंकी, नीरा सोनी,रेणुका निषाद ,मीरा सिंह,गुड्डी सिंह,सुमन सेन मौजूद रहीं

## 15 लाख से अधिक की धोखाधड़ी पर 2 के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुलवारा स्थित प्रयास ऑटोमोबाइल्स में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। शोरूम के प्रबंधन ने अपने ही दो सहयोगियों पर संस्थान के साथ विश्वासघात करते हुए लगभग 15.87 लाख रुपये की चपत लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रयास ऑटोमोबाइल्स के संचालक अभिषेक द्विवेदी निवासी आदर्श कॉलोनी कटनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, आरोपी दिव्यांश दुबे निवासी सतवारी, कुठला और कपिल दुबे निवासी कुठला संस्थान के साथ जुड़े हुए थे। आरोप है कि 1 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2026 के बीच, आरोपियों ने व्यावसायिक लेन-देन और संस्थान की राशि में हेरफेर किया। जब हिसाब-किताब का मिलान किया गया, तो शोरूम के खाते में 15,87,922 रुपये कम पाए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने इस राशि का उपयोग संस्थान के कार्यों में न करते हुए निजी स्वार्थ के लिए किया और अमानत में खयानत की।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी दिव्यांश दुबे और कपिल दुबे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इतनी बड़ी रकम का गबन किस तरह से किया गया। क्या इसमें केवल फर्जी बिलों का सहारा लिया गया या फिर ग्राहकों से प्राप्त नकदी को रिकॉर्ड में नहीं चढ़ाया गया? पुलिस शोरूम के पुराने रिकॉर्ड्स और बैंक ट्रांजेक्शन की भी जांच कर रही है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### कलेक्टर ने दी हिदायत, डीएमएफ कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी

**कटनी।** जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्ण हुए कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिले में स्वीकृत कुल 253 कार्यों में से 92 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं, जिनका कार्यवार परीक्षण किया गया। इनमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के 40, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) के 22, जल संसाधन विभाग के 5 तथा अन्य विभागों के 25 कार्य शामिल हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन कार्य स्थलों पर अतिक्रमण की समस्या है, वहां तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही जो कार्य लंबे समय से अपूर्ण हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### रैली निकाल महिलाओं ने विपक्ष पर बोला तीखा हमला




कांग्रेस सहित विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर लोकसभा में इसे गिराए जाने को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। इसे देश की मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों पर सीधा आघात बताते हुए जनाक्रोश महिला सम्मेलन एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने कहा कि विपक्षी दलों ने महिलाओं का हक छीनने का कार्य किया है और इसके लिए मातृशक्ति उन्हें उचित जवाब देगी। इस अवसर पर महापौर प्रीति सूरी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी, विगढ़ जनपद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे, श्रीमती वंदना गेलानी, अंकिता तिवारी एवं उषा पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सपना सरावगी पदयात्रा का आभार ऋचा गेलानी ने किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली। रैली महारानी लक्ष्मीबाई चौक से प्रारंभ होकर सुभाष चौक तक पहुंची। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान जारी रहेगा।

## कटनी-कैमोर रेल खंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रिंस विक्रम शनिवार को आधिकारिक दौरे पर कटनी पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ PCOM राजेश कुमार मंडल एवं डिप्टी COM (गुड्स) विश्वरंजन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों की इस टीम ने संयुक्त रूप से कटनी से कैमोर तक के रेल मार्ग का सघन निरीक्षण किया। उच्चाधिकारियों ने कटनी से कैमोर के बीच रेल ट्रैक की स्थिति और संरक्षा मानकों का बारीकी से अवलोकन किया।

टीम ने विशेष रूप से कैमोर क्षेत्र की विभिन्न रेलवे साइडिंग्स का दौरा किया और वहां के तकनीकी बुनियादी ढांचे का परीक्षण किया। डिप्टी COM (गुड्स) की मौजूदगी में मालगाड़ियों के सुगम आवागमन और साइडिंग की परिचालन क्षमता पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रिंस विक्रम और राजेश कुमार मंडल ने स्थानीय रेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि ट्रैक और साइडिंग के रखरखाव में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। स्थानीय स्तर पर परिचालन में आने वाली तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे फील्ड स्टाफ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर रेल सुविधाओं और परिचालन को और अधिक सुदृढ़ करें। इस दौरे के दौरान कटनी और कैमोर के स्थानीय रेल अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्च स्तरीय निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य इस औद्योगिक खंड में रेलवे की परिचालन सुरक्षा और दक्षता को और अधिक प्रभावी बनाना है।

पुलिस अधीक्षक ने बाकल एवं बहोरीबंद थाना का किया औचक निरीक्षण

## शिकायतों पर गंभीरता से तत्काल करें कार्यवाही, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बहोरीबंद और बाकल थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और विभागीय अभिलेखों का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी श्री विश्वकर्मा ने थाना परिसर, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और सीसीटीएनएस कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गंभीर अपराधों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।बाकल के नए थाने का निरीक्षण और स्टाफ से चर्चाएसपी ने नवनिर्मित थाना बाकल भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां पुरुष एवं महिला बंदीगृह की सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। इसके बाद उन्होंने थाना स्टाफ से अलग-अलग चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले जवानों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब की बिक्री और परिवहन करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सड़क हादसों को रोकने के लिए चिन्हित स्थानों पर बैरिकेडिंग और समुचित लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए। सूचीबद्ध बदमाशों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान थानों का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। एसपी के इस औचक दौरे से पुलिस महकमे में दिनभर सक्रियता देखी गई।

स्लॉट बुकिंग की सुविधा 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई की गई

## अब तक 14 हजार 237 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शनिवार 25 अप्रैल से अब मध्यम श्रेणी एवं बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन के लिये स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।छोटे–बड़े सभी किसान भाइयों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग पूरी तरह से खोली जा चुकी है। स्लॉट बुकिंग की तारीख भी 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिये अब प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को समूची खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले में 4 हजार 587 किसानों से अब तक 14 हजार 237 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी समूची उपार्जन प्रक्रिया और व्यवस्थाओं की सतत समीक्षा करते हैं। जिले में अब तक 23 हजार 583 किसानों ने स्लाट बुक कर लिया है।

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके इसके लिये उपार्जन केन्द्र पर प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र किया गया। कृषक द्वारा उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन तौल क्षमता 2250 क्विंटल के मान से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। सलैया पटोरी अत्याधुनिक साइलो केंद्र में अब तक 390 किसानों से 1 हजार 427 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में किसान तथा मात्रा के स्लॉट बुकिंग कराकर गेहूं का उपार्जन किया जा सकेगा। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसमें बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था की गई है। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है।

## बिना अनुमति बोरिंग कराने पर मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नलकूप खनन पर प्रतिबंध के बाद भी बोरिंग कराने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए मशीन जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर चौकी निवार थाना माधवनगर पुलिस ने बिना अनुमति बोरिंग कराने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बोर मशीन सहित ट्रक जब्त किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पहाड़ी निवार में बिना अनुमति बोर मशीन के माध्यम से नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अशोक लीलैंड कंपनी का नीले रंग का ट्रक क्रमांक TS 12 EE 2289 से बोरिंग कार्य किया जाना पाया गया ।पूछताछ में जानकारी मिली कि ग्राम पहाड़ी निवार निवासी ललित चौबे द्वारा अपने मकान के पीछे भूमि में बोरिंग कराने हेतु वाहन चालक हरिप्रसाद मलगाम निवासी ग्राम पिंडरई, थाना बीजाडांडी, जिला मंडला को बोर मशीन सहित बुलाया गया था।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी द्वारा जिले की सभी तहसीलों में भूजल स्तर गिरने के कारण नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद बिना अनुमति बोरिंग कराई जा रही थी। मौके पर चालक से अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई। पुलिस द्वारा धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस देकर अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक TS 12 EE 2289 को बोर मशीन सहित जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। प्रकरण में आरोपी ललित चौबे एवं हरिप्रसाद मलगाम के विरुद्ध धारा 223, 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं मध्यप्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा धारा 35(3) बीएनएसएस के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा, प्रधान आरक्षक गौरव सेन, आरक्षक अरविंद एवं वकील यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन पर पोकलेन मशीन जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध उत्खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम खिरवा में एक पोकलेन मशीन जब्त की है। यह कार्रवाई कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग एवं संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा की गई। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि ग्राम खिरवा स्थित एक लैप्स हो चुकी पुरानी चूना खदान में बिना अनुमति के पत्थर एवं मलबे का उत्खनन किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि चेन माउंटेन (पोकलेन) मशीन स्वीकृत खदान की सीमा से बाहर जाकर अवैध खनन में लगी हुई थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर मशीन को रंगे हाथों पकड़ा। कार्रवाई के दौरान निजी भूमि स्वामी एवं वाहन मालिक के बयान लिए गए हैं और संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते के नेतृत्व में खनिज अमले ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से मशीन को जब्त कर कैमोर थाने की अभिरक्षा में खड़ा कराया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधितों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### खेतों में लगी भीषण आग से मचा हाहाकार



**ढीमरखेड़ा।** तहसील अंतर्गत ग्राम पिंडरई में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई है। खेतों से शुरू हुई इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और गांव की सीमा तक पहुंच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि खेतों में खड़े हरे-भरे पेड़ भी इसकी चपेट में आकर जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में सबसे ज्यादा मार क्षेत्र के अन्नदाताओं पर पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 6 से अधिक किसानों की सिंचाई पाइप लाइनें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई हैं। पाइपलाइन जलने से रबी फसलों की सिंचाई बाधित हो गई है, जिससे आने वाले समय में कृषि उत्पादन पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। आग की तपिश इतनी अधिक थी कि खेतों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तार भी गलकर टूट गए। इसके कारण पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने की सूचना तत्काल संबंधित विभाग और दमकल केंद्र को दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन घंटों की देरी से रात में गांव पहुंचा। दमकल विभाग के समय पर न पहुँचने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। प्रशासनिक मदद मिलने से पहले ही गांव वालों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इस मशक्कत के दौरान कई ग्रामीण आग की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। कड़ी मशक्कत के बाद फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन किसानों को हुए नुकसान की भरपाई अब एक बड़ी चुनौती है।

### मूंग-उड़द फसल की सिंचाई हो रही प्रभावित, किसानों ने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

# अन्नदाता की मुसीबत : बिजली नहीं मिलने से मुरझा रहीं फसलें, अधिकारी भी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में मूंग-उड़द फसल के लिए किसानों ने बोवनी कर दी है। ग्रीष्मकालीन साथ ही जिन किसानों ने बोवनी कर ली वहाँ सिंचाई की जा रही है सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। कृषि कार्य के लिए घोषित दस घंटों में से 5-6 घंटे ही बिजली मुहैया हो पा रही, उसमें सुधार के नाम पर कटौती शामिल है। कहीं कहीं तो 3-4 घंटे ही बिजली नसीब हो पा रही। कृषक वर्ष की तीसरी फसल से आय का जरिया बना रहे व समृद्ध बने इस कारण ग्रीष्मकालीन फसल की खेती किये लेकिन कुछ क्षेत्रों में बिजली की भारी कटौती हो रही। वोल्टेज भी सही नहीं मिल रहा, जिससे मूंग की बोवनी-सिंचाई के लिए किसान पानी की मोटरें-पंप ही नहीं चला पा रहे।

#### 5 हजार हैक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे ग्रीष्मकालीन फसल मूंग-उड़द का 5हजार हैक्टेयर लक्ष्य रखा गया है जिसमें 3 हजार हैक्टेयर में मूंग व 2 हजार हैक्टेयर में उड़द फसल है।जो गत वर्ष की अपेक्षा 2 हजार हैक्टेयर ज्यादा है।



कृषक जुगलकिशोर यादव,संतोष यादव,लक्ष्मीनारायण यादव,प्रमोद कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा सहित अन्य किसानों ने बताया कि जब कृषि कार्य के लिए 10 घण्टे निर्धारित है तो उसमें अघोषित कटौती क्यो की जा रही है।10 घण्टे की बिजली भी कृषि कार्य के लिए दो शिफ्ट पर दी जा रही है।रात्रि के समय 4 घण्टे व दिन के समय 6 घण्टे। उसमे से कभी कभी तो रात्रि शिफ्ट वाली बिजली तो आती ही नही है।दिन वाली शिफ्ट में भी 1-2 घण्टे की अघोषित कटौती कर दी जाती है।कब बिजली चालू हो जाये कब बंद हो इसका भी समय निर्धारित नही है। जबकि पूरे दस घंटे बिजली तय शेड्यूल के तहत मिलनी चाहिए थी। कभी-कभी ओवरलोड होने के कारण भी ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हो रहा। अधिकारी शिकायत ही नहीं सुन रहे हैं। किसान यदि रातभर जागता रहता है और फोन करता है तो अधिकारी फोन ही नहीं उठाते। फाल्ट के नाम पर दिन तो दिनभर कटौती होती रहती है।

#### ग्रामीणों ने ने सौपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत निमास अंतर्गत ग्राम निमास, रामपुर व तिलहरी मै विगत 25 दिनों से बिजली की विकराल समस्या बनी हुई जिस कारण पीने के पानी व सिंचाई के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न है। बिजली की समस्या से परेशान किसानों ने शनिवार को सहायक अभियंता कार्यालय स्लीमनाबाद पहुंचकर बिजली समस्या से निजात दिलाने सहायक अभियंता को ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विगत 25 दिनों से बिजली समस्या से न तो पीने के लिए पानी की उपलब्धता हो पा रही है न ही ग्रीष्मकालीन फसल की सिंचाई हो पा रही है। बिजली की समस्या से यदि किसान कोई कदम उठाता है तो उसकी जवाबदेही बिजली विभाग की होगी।

इस दौरान सरपंच विनीता वीरू नायक, रामकृपाल हल्दकार,सुरजीत नायक, निरपत यादव, सतीश नायक, रिंकू नायक, ताराचंद कुशवाहा, मुकेश नायक, प्रदीप नायक सहित अन्य किसानों की उपस्थिति रही।

#### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल का कहना है कि स्लीमनाबाद कृषि कार्य के लिए जो निर्धारित शेड्यूल है 10 घण्टे उसी शेड्यूल में कर्मचारियों को बिजली मुहैया कराने को कहा गया।कभी - कभी फाल्ट व ट्रिपिंग के कारण कटौती करनी पड़ती है।इसके अलावा अन्य कोई अघोषित कटौती नही की जाती है।निमास के लोगों द्वारा बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन सौपा है, उसका निदान कराया जायेगा।



## अवैध वेंडर एवं यात्रियों में हिंसक झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी से बीना जा रही मेमू ट्रेन के भीतर अवैध वेंडरों और यात्रियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि वेंडरों ने धारदार हथियारों से यात्रियों पर हमला कर दिया और पथराव भी हुआ। इस हंगामे के कारण ट्रेन बकलेहटा स्टेशन पर करीब एक घंटे तक खड़ी रही। जानकारी के अनुसार कटनी से ट्रेन रवाना होने के कुछ देर बाद ही सालीया के अवैध वेंडरों और दमोह के यात्रियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि वेंडरों ने मारपीट करते हुए धारदार वस्तु से एक-दो यात्रियों पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। शाम करीब 7:30 बजे जब ट्रेन रीठी थाना क्षेत्र के बकलेहटा स्टेशन पहुंची तो वहां स्थिति और बिगड़ गई।

हमले से आक्रोशित दमोह के कुछ युवक ट्रेन से उतरकर सीधे मेमू के इंजन में घुस गए। इसके चलते ट्रेन चालक को सुरक्षा कारणों से ट्रेन रोकनी पड़ी और तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इस दौरान स्टेशन पर दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी भी हुई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना प्रभारी मो. शाहिद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस के पहुंचते ही उत्पात मचा रहे असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल डायल 112 की मदद से रीठी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस सुरक्षा के बीच करीब एक घंटे की देरी से रात 8:30 बजे ट्रेन को आगे रवाना किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कटनी से आरपीएफ (RPF) और जीआरपी (GRP) की टीमें रात में ही मौके पर पहुंच गईं। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है और अवैध वेंडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ समापन

## नारी शक्ति एवं सामाजिक सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़े का समापन शुक्रवार को हुआ। प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह विशेष अभियान दो चरणों में 10 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं का उत्साह अनुपम रहा।कार्यक्रम प्रभारी अंग्रेजी विभाग से डॉ रचना पांडे थीं। कार्यक्रम के मुख्य चरण में शैली तिवारी, प्रबन्धक , वन स्टॉप सेंटर डॉ. धनश्याम तिवारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा ,जनपद पंचायत की महिला एवं बाल



विकास विभाग की सुपरवाइजर, सुश्री आयुषी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रभावशाली वैचारिक संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को वैचारिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त होने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्म-निर्भरता ही वास्तविक सशक्तीकरण की पहचान है।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह ने पखवाड़े की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी जागरूक बनाना है।

पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और लेखनी के माध्यम से नारी शक्ति और सामाजिक सुरक्षा के विषयों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। पखवाड़े के अंतर्गत पोषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें संतुलित आहार के महत्व को समझाया गया। साथ ही, विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुश्री आयुषी शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों और उनके नवाचारों की सराहना की। इस गरिमामय अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान



उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में शुक्रवार को सत्र 2025 – 26 की कक्षा दसवीं एवं 12वीं में विद्या लय की प्रवीण सूची में 70% से ऊपर अंक वाले समस्त छात्र–छात्राओं को पुष्प हार पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 12वीं के 14 छात्र एवं कक्षा दसवीं के 14 छात्र जिन्होंने 70% से ऊपर अंकल अर्जित किए थे सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शिक्षक – छात्र सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र नारायण मिश्र द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे, वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया,हाई स्कूल मझगवा प्राचार्य श्रीमती रचना तिवारी, हायर सेकेंडरी भुड़सा प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल ,बीआरसी शशांक टेकाम,उच्च माध्यमिक शिक्षक चंद्रभान परस्ते, कर्ण सिंह, सुभाषिनी सिंह अनामिका सोनी सरिता शर्मा, महेन्द्र गौतम, ज्ञानेन्द्र हल्दकार, लाल बहादुर सोनी संजय रावत धनंजय यादव प्रतीक सिंह शीला त्रिपाठी अंकिता सिंह, मोहन निगम घनश्याम चौधरी ब्रजेश बुनकर आरती तिवारी स्नेहल देहरिया शिवानी यादव रश्मि सिंह आशिका महोबिया उर्मिला कोरी ओंकार दुबे अपूर्वा तिवारी, सुशील,धर्मपाल, मनीष आदि की उपस्थिति रही।

## लोक अदालत एवं जनगणना की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नेशनल लोक अदालत एवं आगामी जनगणना कार्य की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त वार्डों के एआरआई एवं आर एस आई उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बकायादारों से समयपूर्व संपर्क स्थापित कर उन्हें लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक प्रस्तावित मकान गणना कार्य को



गंभीरता से संपादित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारी ने कहा कि समस्त वार्डों के एआरआई एवं आरएसआई अपने-अपने क्षेत्रों के प्रगणकों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र का कम से कम एक बार, आवश्यकता अनुसार दो या तीन बार भी भ्रमण सुनिश्चित करें एवं उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक समापन के श्री पाठक द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट राजस्व वसूली के लिए आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं समस्त संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पुष्य नक्षत्र के योग मे मनया गया मां सीता का प्रकटोत्सव

## सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार सामग्री की अर्पित, अखंड सौभाग्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के श्रीराम-जानकी मंदिरों मैं जानकी नवमी पर धूमधाम से मनाया गया माँ सीता का प्राकट्योत्सव, हुए विविध धार्मिक आयोजन,स्लीमनाबाद- जय जय गिरिवर राज किशोरी,जय महेश मुख चंद चकोरी।जन्म लई सीता मैया, जनकपुर मैं बाजे बधाइया,चलन चली देखन जनक बहार, मां सीता ने जन्म लियो है रे एक से बढ़कर एक मंगलमय सोहर गीतों की धुन के बीच मंगलवार को मां सीता का प्राकट्योत्सव भव्यता व धूमधाम से मनाया गया।

यह नजारा स्लीमनाबाद नगर स्थित सिंहवाहिनी मंदिर दिखा।जहां महिला मंडल की सदस्यों ने मां सीता जन्मोत्सव को सेलिब्रेट



किया।सीता नवमी के शुभ अवसर पर शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने व्रत का संकल्प लेते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना कर सोलह श्रृंगार सामग्री अर्पित की व अखंड सौभाग्य की कामना की।पूजन मैं फूल, अक्षत, चंदन, सिंदूर, धूप, दीप आदि चढाएं। मां सीता व प्रभु श्री राम की आरती के साथ पूजा संपन्न की गई।मंदिर मे रामचरित मानस पाठ किया गया व आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार जब संतान प्राप्ति के लिए मिथिला नरेश यज्ञ की भूमि तैयार करने के लिए हल से भूमि जोत रहे थे, उसी समय पृथ्वी से एक बालिका का प्राकट्य हुआ. उस दिन वैशाख शुक्ल की नवमी तिथि थी, इस दिन मां सीता के रूप में राजा जनक को पुत्री की प्राप्ति हुई।तभी से इसे सीता नवमी के रूप मे मनाया जाने लगा।

#### ब्रजधाम कोहका में हुए विविध आयोजन

स्लीमनाबाद के हरिदास ब्रजधाम मंदिर कोहका मां जानकी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया।सुबह पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन कर कन्या भोज व भंडारा आयोजित हुआ।दोपहर मैं बजरंग रामायण मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ गायन किया गया।सायंकालीन आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

### विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम

## समय पर इलाज नहीं कराने पर जानलेवा बन सकता है मलेरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मलेरिया मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलने वाले परजीवियों के कारण होने वाली यह बीमारी, यदि समय पर पहचान और उपचार न किया जाए तो गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती है। वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और रोकथाम प्रयासों को मजबूत करने के लिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मलेरिया दिवस की स्थापना की, जो हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन मलेरिया के मामलों को कम करने और संवेदनशील आबादी की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

उक्त बातें विश्व मलेरिया दिवस



के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मै आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कही। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो एक विशेष प्रकार के मच्छर में पाए जाने वाले परजीवी के कारण होती है। अधिकतर लोगों को मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। यदि मलेरिया का शीघ्र निदान और उपचार न किया जाए तो यह जानलेवा बीमारी हो सकती है।

हर साल अप्रैल के महीने में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन लोगों को मलेरिया जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूक करने और इसके रोकथाम के उपायों को फैलाने के लिए समर्पित है। मलेरिया, जिसे मच्छर जनित बिमारी कहा जाता है, दुनिया के कई देशों में अभी भी जानलेवा साबित हो रही है।हर साल लाखों लोग मलेरिया से प्रभावित होते हैं, लेकिन सही जानकारी और बचाव के तरीकों के अभाव में यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस दिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ, सरकारी और गैर-सरकारी संगठन मलेरिया से बचाव, समय पर उपचार और मच्छर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं। जागरूकता बढ़ाने से न केवल जान बचती है, बल्कि समाज में मलेरिया जैसी बीमारियों का नियंत्रण भी आसान होता है।

**मलेरिया के लक्षण** -अगर किसी को मलेरिया के लक्षण जैसे बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, कमजोरी या उल्टी दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जल्दी उपचार शुरू करने से मलेरिया गंभीर रूप नहीं लेता और जान बचाई जा सकती है। समय पर इलाज जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और संक्रमण फैलने से रोका जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई गईं कि ‍हम शपथ लेते है कि मलेरिया के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्द रहेंगे। हम अपने घर ओर आसपास के वातावरण को साफ रखेंगे, रुके हुए पानी को नही जमने देंगे ओर मच्छरों के प्रजनन को रोकेंगे। हम सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करेंगे ओर बुखार होने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर मलेरिया की जाँच कराएंगे। हमारा संकल्प है कि हम मलेरिया मुक्त भारत बनाने मै अपना पूर्ण सहयोग देंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधि, सेक्टर सुपरवाइजर शिव ठाकुर, आशीष जैन,आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## चित्रगुप्त जन्मोत्सव पर निकली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के अवसर पर आस्था, उत्साह और सामाजिक एकजुटता का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। चांडक चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भूमि पूजन एवं जीर्णोद्धार कार्यक्रम के साथ दिन की शुरुआत हुई, जिसके बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और सामाजिक एकता का परिचय दिया। पूरे शहर में धूमधाम से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

सुभाष चौक पर भगवान श्री चित्रगुप्त की महाआरती का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक और चांडक होते हुए



पुनः चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में भगवान चित्रगुप्त जी की रथ पर सवार झांकी के साथ-साथ भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

#### समापन पर हुई महाआरती

इस अवसर पर कायस्थ समाज के वरिष्ठ जनों के साथ भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर एवं कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की। युवाओं और महिला शक्ति में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।शोभायात्रा के समापन के बाद चित्रगुप्त मंदिर में भव्य महाआरती आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

चित्रगुप्त प्रकटोत्सव ने न सिर्फ आस्था का रंग बिखेरा, बल्कि समाज की एकता और सांस्कृतिक शक्ति का भी भव्य प्रदर्शन किया।

**खबर संक्षेप**

## मलेरिया मुक्त करने का लिया संकल्प

तेंदूखेड़ा। विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेड़ा में मलेरिया मुक्त कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प लिया गया। समस्त स्वास्थ्य अमले ने शपथ ली कि हम अपने घर के आसपास गंदगी नहीं रहने देगें, साथ ही लोगों को प्रेरित करेगें की गंदगी न फैलाएं क्योंकि गंदगी में ही मलेरिया का मच्छर पैदा होता हैं। इसके अलावा पानी की टंकी एवं बर्तनों में बहुत दिनों पर पानी नहीं रहने देगें। घरों के कूलरों पानी की टंकियों को सुखाने के उपरांत ही पुनः उपयोग में लाएंगे घरो या आसपास जहां भी रूका एवं ठहरा पानी हो उसको सुखा देगें। इसके अलावा मच्छरदानी का इस्तेलाम करेंगें एवं लोगों को प्रेरित करेगें। बिना उपयोग वाली वस्तुओं को नष्ट करेगें ताकि उनमें जल भराव न हो। पूर्ण बाजू वाले कपडे पहनेगें। साथ ही बिना डांक्टर के कोई भी दवा नहीं लेगें। संकल्प के दौरान समस्त स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

## बस ने मारी टक्कर महिला पत्रकार घायल

**पन्ना।** पन्ना जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है इसी प्रकार का मामला सामने आया है जनपद पंचायत कार्यालय रोड पर भाजपा कार्यालय पत्रकार वार्ता कवर करने जा रही महिला पत्रकार अर्चना समेले को एक तेज रफ्तार बस में टक्कर मार दी है उक्त बस सतना से छतरपुर की ओर जा रही थी।

भोजन, पानी और सुरक्षा के लिए नई कार्ययोजना लागू, जिले की 57 गौशालाओं के लिए एक समान टाइम-टेबल तैयार

# जिले की सभी गौशालाओं में लागू होगी एक समान व्यवस्था- कलेक्टर

### कंट्रोल रूम से होगी निगरानी, आम नागरिक भी कर सकेंगे गौशालाओं की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले की सभी गौशालाओं की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में गौशाला संचालक, वेटनरी विभाग के अधिकारी और जनपद पंचायतों के सीईओ शामिल हुए।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में निर्देश दिए गए कि गौ-माताओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल और उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर समय पर उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए वेटनरी डॉक्टरों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।

उन्होंने कहा जिले की सभी गौशालाओं के लिए एक समान कार्य योजना और टाइम-टेबल तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी गौशालाओं में भोजन और देखभाल की प्रक्रिया एकरूपता के साथ संचालित हो, जिससे किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुविधा न हो। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि गौशालाओं के बेहतर संचालन से सड़कों पर घूमने वाली गौ-माताओं की संख्या में कमी आएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी, इस पहल से न केवल पशु क्रूरता की घटनाओं पर रोक लगेगी, बल्कि इससे जुड़ी कानून-व्यवस्था की समस्याओं में भी सुधार आएगा असामाजिक तत्वों को ऐसे कृत्यों का अवसर नहीं मिलेगा।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई इस व्यापक कार्य योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि गौशालाओं का संचालन व्यवस्थित और मानक अनुरूप हो सके।

### प्रत्येक 50 गौ माताओं पर कम से कमएक गौ-सेवक की नियुक्ति

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक गौशाला में गौ माताओं को दिन में दो बार नियमित रूप से चारा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, प्रत्येक 50 गौ माताओं पर कम से कम एक गौ सेवक की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। रात्रि सुरक्षा के लिए चौकीदार की अनिवार्य उपस्थिति भी जरूरी बताई गई है।

जिले में कंट्रोल रूम स्थापित, जनता सीधे कर सकेगी शिकायत

कलेक्टर श्री यादव ने कहा, प्रशासन द्वारा जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नंबर सभी गौशालाओं के बाहर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया बताया कि कोईभी समाजसेवी, गौ-भक्त या आम नागरिक गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सकता है, यदि किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, तो कंट्रोल रूम पर सूचना देने पर अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करेंगे।

### सात दिन में सुधार नहीं तो जिम्मेदारों पर होगी कठोर कार्रवाई

कलेक्टर श्री यादव ने गौशालाओं में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए सभी संचालकों को सात दिन का समय दिया गया है। कई स्थानों पर शेड, फेंसिंग और अतिक्रमण जैसी समस्याएं सामने आई हैं, जिन पर प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से करुणा और सेवा भाव के साथ गौ सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 57 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें सरकारी और निजी दोनों शामिल हैं। गौ ग्रास की मांग को ध्यान में रखते हुए उसका परीक्षण कराया जाएगा।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कई गौशाला संचालकों द्वारा गौ माताओं के लिए निःशुल्क नमक उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसके अलावा, वृक्षारोपण के लिए भी पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। प्रशासन का उद्देश्य है कि गौशालाओं में छाया, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं बेहतर रूप से उपलब्ध हों, जिससे गौ माताओं की उचित देखभाल सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर कलेक्टर के भ्रमण के दौरान बंद पाई गई गौशाला संचालक ने कमियों के लिए अपनी बात स्वीकार करते हुए कहा कि इस बार के लिए क्षमा किया जाए आगे से हम बेहतर सुधार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

## दीप बुझाकर नहीं, दीप जलाकर मनाएं जन्मोत्सवः नीरज नयन महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम बिलाई (हिंडोरिया) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर वृंदावन से पधारे पूज्य नीरज नयन महाराज ने जन्मोत्सव मनाने की भारतीय परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर शुभ कार्य की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से होती है, जबकि वर्तमान समय में लोग पाश्चात्य प्रभाव में आकर दीप बुझाकर जन्मदिन मना रहे हैं, जो सनातन परंपरा के विपरीत है। उन्होंने नंद बाबा के उदाहरण को आदर्श बताते हुए कहा कि जन्मोत्सव पर ब्राह्मणों से स्वस्ति वाचन, गायों का पूजन, भगवान शिव का अभिषेक, दान-पुण्य और जरूरतमंदों को भोजन कराना जैसे सत्कर्म करने चाहिए, जिससे जन्मदिन प्रेरणादायक बन सके। कथा के मुख्य श्रावक चंद्रभान एवं श्रीमती संध्या ने बताया कि प्रारंभ में कथा में बैठना कठिन लगता था, लेकिन अब कथा सुनने में गहरी आस्था और आनंद अनुभव हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शनिवार को कथा के षष्ठम दिवस पर रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न श्रद्धालुओं ने अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। ग्राम धनोरया, बिलाई में कथा पंडाल स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं परामर्श दिया जाएगा तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाएगा।

## रैली निकालकर 400 वर्ष पुरानी बावड़ी में हुआ श्रमदान



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विकासखंड पटेरा की नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सागोनी उपाध्याय के संयुक्त तत्वाधान में अद्भुत बावड़ी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सगौनी उपाध्याय में किया गया, जिसमें समिति सदस्यों के साथ ग्रामवासी तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था के अध्यक्ष मुलाम प्रसाद राय ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि, जिस प्रकार हम अपने घर आंगन की साफ सफाई नियमित करते हैं इसी प्रकार समय-समय पर जलाशय की साफ-सफाई करना आवश्यक है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक हरीश पांडे ने बताया कि पुराने जलाशय जैसे तालाब, बावड़ी- बैहर आदि हमारे पूर्वजों की हमारे लिए अनुपम भेंट है, इसकी सुरक्षा एवं सम्मान हमारा दायित्व है, अनुपम भेट इसलिए क्योंकि वर्तमान समय में ऐसी संरचनाए जन सहयोग से बनाना लगभग असंभव है अथवा कठिन है वैज्ञानिक पद्धति से भूगर्भीय क्षेत्र के अध्ययन उपरांत इन जलाशयों का निर्माण किया गया जो हमें वर्ष पर पानी उपलब्ध कराते हैं मानव जीवन की सुबह बिना जल के मात्र कल्पना ही हो सकती है यह किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है, अतः जो सर्व सुलभ है उसका सम्मान करें, किसी भी परिस्थिति में जल के अनैतिक दोहन से बचें कार्यक्रम में परामर्शदाता मनीष मिश्रा, अभिषेक राठौर, विजय ताम्रकार,सरपंच मुरारीलाल प्यासी, प्रमोद प्यासी, महेंद्र यादव, सुरेन्द्र बर्मन, मनमोहन खंगार, उम्मेद यादव, हेमन्त जी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हटरी में चौंसठ योगिनी मंदिर आस्था का महासंगम



**बनवार।** दमोह जिले के ग्राम हटरी स्थित चौसठ योगिनी माता मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा है। 23 अप्रैल से प्रारंभ हुआ शत चण्डी यज्ञ एवं अयोध्या धाम रामलीला का भव्य आयोजन अब पूरे क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र बन गया है। यहां का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो चुका है, जहां सुबह से लेकर रात्रि तक पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज सुनाई दे रही है। माँ चौसठ योगिनी की कृपा से आयोजित इस पावन अनुष्ठान में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं और यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में फैली दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा हर आने वाले को आध्यात्मिक अनुभूति करा रही है। रात्रि के समय अयोध्या धाम रामलीला का मंचन भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सजीव चित्रण श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है और पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठता है।महायज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य पं. श्री हरिशंकर जी शास्त्री चनपुरिया महाराज के सान्निध्य में विधि-विधान से किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में अनुष्ठान की पवित्रता और गरिमा निरंतर बढ़ रही है। आयोजन को सफल बनाने में पं. जगदीश पटैरिया, पं. भोलेश्वर पटैरिया, पं. रामेश्वर पटैरिया, पं. लखन पटैरिया एवं पं. महेंद्र पटैरिया सहित समस्त पटैरिया परिवार का विशेष योगदान है, जिनके प्रयासों से यह आयोजन एक भव्य स्वरूप ले चुका है। आयोजन का समापन 1 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुजनों से आग्रह किया है कि वे इस दिव्य अवसर पर पहुंचकर माँ चौसठ योगिनी के दर्शन करें और यज्ञ तथा रामलीला का पुण्य लाभ अर्जित करें।

# कलयुग में भगवन नाम-स्मरण ही मोक्ष का सरल मार्ग-कथा व्यास प्रेम नारायण शास्त्री

### भक्ति और तपस्या से ही होती है भगवान की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के आरूष स्कूल प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. प्रेम नारायण शास्त्री वृंदावन धाम समनापुर ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भक्ति, तपस्या और धर्म का गूढ़ संदेश प्रदान किया। कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि यदि मन भगवान के चरणों में लग जाए, तो मानव जीवन पूर्ण रूप से सफल हो जाता है। भक्ति के मार्ग में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आना चाहिए, क्योंकि तपस्या और सच्ची साधना से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि संसार में व्यक्ति धन से बड़ा हो सकता है, लेकिन भगवान के दरबार में सभी समान हैं। ईश्वर किसी के धन या पद को नहीं, बल्कि उसकी भक्ति और श्रद्धा को देखते हैं।

कथा व्यास ने बताया कि भक्ति मां से प्राप्त होती है और भक्ति को दिखाया नहीं जाता, बल्कि उसे हृदय में धारण किया जाता है। कथा श्रवण केवल सुनने तक सीमित न रहे, यदि उसका मनन किया जाए तो भगवान के प्रति अटूट विश्वास उत्पन्न होता है। मनुष्य का मन अत्यंत चंचल है, इस पर नियंत्रण आवश्यक है। रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने तुलसीदास जी की पंक्ति "एक घड़ी आधी घड़ी" का भावार्थ समझाया और कहा कि थोड़े से समय का भी सच्चा नाम-स्मरण जीवन को तार सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। सनातन धर्म में 33 करोड़ देवी-देवताओं का उल्लेख है, किंतु कलयुग में सत्य के आधार पर ही पृथ्वी टिकी हुई है। सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित कभी नहीं होता, इसलिए सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

शास्त्री जी ने कहा कि वेद, धर्म और आचरण सभी यही बताते हैं कि कलयुग में भगवान का नाम-स्मरण ही मोक्ष का सरल मार्ग है। जीवों पर दया करना मनुष्य का परम धर्म है। यदि मन में श्रद्धा और लगन हो, तो भगवान स्वयं भक्त के पास आते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक ईश्वर की उपासना करें, पर सभी देवी-देवताओं में आस्था रखें। भगवान राम और भगवान कृष्ण में कोई भेद नहीं है, दोनों एक ही तत्व के स्वरूप हैं।

कथा के दौरान उन्होंने वेदव्यास द्वारा रचित 18 पुराणों का उल्लेख करते हुए सुखदेव महाराज के जन्म की कथा, अजामिल प्रसंग, धुव्र चरित्र, प्रहलाद चरित्र ,रामायण और महाभारत के अनेक प्रसंगो का भावपूर्ण वर्णन किया। अंत में उन्होंने कहा कि हम सभी अपने-अपने कर्मों का फल भोग रहे हैं, इसलिए अच्छे कर्म और सच्ची भक्ति को जीवन का आधार बनाना चाहिए। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संगीतमय भजनों के साथ वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। भागवत जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

बाघिन राधा बनी मदर ऑफ नौरादेही, राधा से बढ़ा 24 से ज्यादा बाघों का कुनबा

# ओडिशा ने जिस बाघिन को ठुकराया उसने ही आबाद किया नौरादेही अभ्यारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मप्र के पेंच टाइगर रिजर्व में पॉइजन की शिकार जिस बाघिन को ओडिशा वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों ने लेने से मना किया उसने ही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को बाघों से आबाद किया वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में टाइगर प्रोजेक्ट को 8 साल पूरे हो गए 18 अप्रैल 2018 को ही कान्हा टाइगर रिजर्व में पली-बढ़ी पेंच की बाघिन राधा एन-1 को पहली बार नौरादेही में शिफ्ट किया गया था। वर्तमान में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वयस्क बाघों की संख्या 24 से 30 के बीच है। बाघों के आने के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों को लाने की भी तैयारी चल रही है। इसके लिए मुहली रेंज में 600 हेक्टेयर में आठ बाड़े बनाए जा रहे हैं। पहली खेप में चार चीते नौरादेही आ सकते हैं। बाघों की शिफ्टिंग के आठ साल पूरे होने पर हमारे संवाददाता विशाल रजक ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह से नौरादेही में टाइगर शिफ्टिंग की पूरी कहानी जानी।

### 2018 की एक मीटिंग में फैसला

ओडिशा में दो टाइगर शिफ्ट करने के लिए जनवरी 2018 में भोपाल में जो मीटिंग हो रही थी उसमें नौरादेही के एसडीओ प्रदीप त्रिपाठी भी थे। उन्होंने घुरेला एनक्लोजर में पल रही वयस्क बाघिन को नौरादेही में शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नौरादेही से गांव की शिफ्टिंग 2013-14 में शुरू हो गई है। ओडिशा के फॉरेस्ट अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने जिस कान्हा में पल रही जिस बाघिन को लेने से इंकार कर दिया है वह नौरादेही में शिफ्ट कर दीजिए और उसी जनवरी-2018 में उसी मीटिंग में निर्णय हुआ कि कान्हा से बाघिन को नौरादेही शिफ्ट किया जाएगा 18 अप्रैल 2018 को पेंच की पॉइजन की शिकार फीमेल टाइगर वाया कान्हा के एनक्लोजर से होते हुए नौरादेही आई और इसे यहां नाम मिला एन-1 राधा। एक मेल टाइगर 30 अप्रैल 2018 को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से नौरादेही शिफ्ट किया गया। इसे नाम मिला एन-2 किशन। रोचक बात ये ही कि उड़ीसा के फॉरेस्ट ऑफिसर संदीप त्रिपाठी और नौरादेही के तत्कालीन एसडीओ प्रदीप त्रिपाठी मौसेरे भाई है नौरादेही में अब तक 7 टाइगर शिफ्ट किए जा चुके हैं। इनमें से एक की मौत हुई है।

### घुरेला एनक्लोजर में पले बाघों को दो बार जंगल में छोड़ाः

2005 से 2010 के बीच एक बार ये प्रैक्टिकल किया जा चुका था। जो शावक घुरेला एनक्लोजर में रहे थे उन्हें पन्ना टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था। पन्ना टाइगर रिजर्व के टी-4 और टी-5 बाधिन भी घुरेला एनक्लोजर में पले-बढ़े हैं। ये पन्ना के फरिस्ट एरिया में अच्छे से रहे इनके शावक भी हुए और बाद में उनकी डेथ हो गई। 2013 में कान्हा के घुरेला एनक्लोजर में फिर एक बार बच्चों को पाला गया। उनको भी



जंगल में छोड़ा गया लेकिन टेरिटरी फाइट में उनकी डेथ हो गई। घुरेला एनक्लोजर में शावक को सब कुछ सिखा सकते हैं लेकिन लड़ना नहीं सिखा सकते क्योंकि वहां दूसरा टाइगर नहीं होता है। इसलिए यहां पले शावकों को हमेशा एलेसी जगह छोड़ा जाता है जहां टाइगर की संख्या कम हो।

### ओडिशा को थी जहरखुरानी में बची बाधिन से कुनबा न बढ़ने की आशंका

डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि ओडिशा में महानदी के किनारे स्थित सतकोसिया टाइगर रिजर्व में टाइगर शिफ्ट किए जाने थे। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मप्र से एक जोड़ी टाइगर ओडिशा भेजने की अनुमति दे दी ओडिशा के फॉरेस्ट ऑफिसर आए और भोपाल में मीग में हुई। मप्र के फॉरेस्ट अधिकारियों ने कहा कि घुरेला एनक्लोजर में पल रही बाधिन नाला टाइगर की शावक जो अब दो साल की हो गई है इसे ओडिशा को दे देंगे लेकिन ये पहले पेंच में पॉइजन की शिकार हो चुकी थी इसलिए ओडिशा के संदीप त्रिपाठी ने लेने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि हमें दो स्वस्थ्य टाइगर दो मीटिंग में निर्णय हुआ कि सतकोसिया के लिए बांधवगढ़ से एक फीमेल और कान्हा से एक मेल टाइगर जाएगा जो जून 2018 में मप्र से ओडिशा शिफ्ट हुए।

### बाघिन राधा ने दिलाई टाइगर रिजर्व की पहचान

बाघिन राधा ने पहली बार मई 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया इनमें दो बाघिन व एक बाघ है राधा से पहली बार में जन्मी उसकी दो बेटी एन -111 और एन-112 मां बनीं तो राधा ने तीसरी पीढ़ी देख ली जून 2023 ये बाघ किशन की ओर बाहर से आए बाघ एन-3 के बीच टेरिटरी को लेकर हुए संघर्ष में मौत हो गई किशन और राधा की बेटियां टाइगर रिजर्व को बाघों से आबाद कर रही है जब नौरादेही अभयारण्य हुआ करता था उस समय यहां पर गिने चुने ही पर्यटक आते थे लेकिन जब 2023 में नौरादेही से टाइगर रिजर्व में तब्दील किया गया तब से यहां पर पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा देखा जा रहा है यानी नौरादेही अभयारण्य को टाइगर रिजर्व का तमगा दिलाने में बाघिन राधा की अहम भूमिका है साथ ही बाघिन राधा से भी टाइगर रिजर्व में लगातार कुनबा बढ़ रहा है वर्तमान में टाइगर रिजर्व में 26-30 बाघ होने का दावा किया जा रहा है इसमें 22 बाघ बाघिन राधा और उसकी दो बेटियों से जन्में है।

### जहरीली पानी से हुई थी मौत, केवल राधा जिंदा

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल 2016 तब में पेंच टाइगर रिजर्व में पदस्थ था। वहां की मशहूर फीमेल टाइगर थी जिसका नाम था बाधिन नाला। एक जलस्रोत से बाधिन और उसके शावकों ने पानी पिया। जहरीले पदार्थ होने से टाइगर बाघिन नाला की मौत हो गई। तीन शावकों में से एक की मौत हो गई। दो का रेस्क्यू किया गया। इनमें से भी एक की एक-दो दिन बाद मौत हो गई सिर्फ एक फीमेल शावक बची। इसे कान्हा में बने घुरेला एनक्लोजर में छोड़ा। वहीं पाला गया। घुरेला में 35 हेक्टेयर का एनक्लोजर है। 7 हेक्टेयर का छोटा एनक्लोजर है जिसमें टाइगर के शावक रहते हैं और 35 हेक्टेयर के अन्य हिस्से में चीतल व अन्य वन्य जीव रख जाते हैं ताकि वे शिकार सीख जाएं।

## उपजेल हटा में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत समस्त उपजेलों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जेल में परिरूद्ध समस्त बंदियों का आवश्यक उपचार एवं परीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के पालन में उपजेल हटा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति हटा सिराज अली, जेलर नागेन्द्र चैधरी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉं. हेमराज सिंह, ईएनटी चिकित्सक डॉं. यू बी रेड्डी, पीजीएमओ डॉं. जावेद अहमद, बीएमओ डॉं. उमाशंकर पटैल, पैनल अधिवक्ता एम. एस. नरेलिया, दीनदयाल चनपुरिया, कपिल देव सिंह गौर, स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, जेल स्टाफ, पीएलव्ही एवं बंदी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 38 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको दवाईयां वितरित की गई एवं जेल में निरूद्ध बंदियों को पैनल अधिवक्ताओं द्वारा विधिक सलाह प्रदान की गई। शिविर के अंत में जेलर नागेन्द्र चैधरी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## प्रदीप अवस्थी भाजपा पन्ना के अध्यक्ष नियुक्त

**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्य प्रदेश ने अभी हाल में ही 16 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी है यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह जी ने अपने पत्र के माध्यम से बताई है इन दिनों में पन्ना जिले का नाम शामिल करते हुए आपने प्रदीप अवस्थी जी को पन्ना जिला किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है जैसे ही यह नियुक्ति कार्यकर्ताओं की जानकारी में आई चारों तरफ कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर देखी गई मुख्य चौराहा गांधी चौक से लेकर कई स्थानों पर आदर्शवादी भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने की और प्रदेश संगठन का इस युक्ति पर आभार माना ज्ञात हो कि प्रदीप अवस्थी ने लंबे समय तक मंडल संगठन अमानगंज में महामंत्री के रूप में अपनी मजबूत सेवा दी यही वजह है कि सारा जिला पार्टी कार्यकर्ता एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जानता है आपकी नियुक्ति होने पर स्थानीय और जिला स्तर की मीडिया को भी हर्ष हुआ है

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने हज यात्रियों का स्वागत किया



**दमोह।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा 25 अप्रैल को जा रहे हज यात्रियों का स्वागत किया दमोह से जा रहे अपाक्स संघ पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीकी अपाक्स संघ जिलाध्यक्ष श्रीमती फरत जहां, इमाम खां और उनकी अहिल्या का पुष्प मालाओं से स्वागत किया और प्रार्थना की हज वेतउल्लाह पहुंच कर हमारे मुल्क के लिए अमन शांति के लिए दुआ करना हमारे दमोह शहर की उमंग जमना तहजीब सदा बनी रहे सभी देशवासी मिलजुलकर रहे हज पर जा रहे यात्रियों का सफर आसमान एवं हज कबूल हो सभी ने दुआ की स्वागत करने वाले पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज चौबे जिला संरक्षक शेख हनीफ खान, जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार, उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष जयंत गांगरा उप सचिव सदन कटारया समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 38 किलोमीटर दूरी के 19 मार्गों की स्वीकृति

**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बताया दमोह संसदीय क्षेत्र की बण्डा विधानसभा के शाहगढ़ ब्लॉक अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के **PMGSY** फेस-4 के अंतर्गत 38 किलोमीटर दूरी के 19 मार्गों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया इन मार्गों में हीरापुर से तोरा, **L**054 से बिन्नाई, निहानी से उमरिया आदिवासी मोहल्ला, श्यामलखेड़ा से ग्वालपुरा, ससन से नीमचार, निहानी से भीकमपुर आबाद नई बस्ती, गूगरा खुर्द से खरिका मोहल्ला, गूगरा खुर्द से इंदिरा कॉलोनी, शाहगढ़ टीकमगढ़ रोड से खुशीपुरा, मजपुर से पाठा मोहल्ला, बरेठी से मानपुर चकगोरा, खुशीपुरा से खचयाखेड़ा, शाहगढ़ बारायठा रोड से लड़ियाखेड़ा, बगरोधा से आदिवासी मोहल्ला, रतनपुर से बडरयाऊ, शाहगढ़ से हनुमान टोरा खिरिया खेड़ा, बगरोधा से पटेल मोहल्ला, संडागिर रोड से टपरिया एवं **NH**-86 से गणेशपुरा शामिल हैं। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति देते हुए सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य जारी है।

### अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर ट्रैक्टर जप्त

**दमोह।** जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। बटियागढ तहसील अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक बिना पंजीयन क्रमांक अंकित आयशर ट्रैक्टर ग्राम बिपतपुरा में रोड पर बिना रॉयल्टी के गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्त कर नरसिंहगढ़ मे खडा किया जाकर सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया हैं। उक्त प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

### वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू
# बस्ती में घुसा मगरमच्छ, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत सिग्रामपुर रेंज की माला फॉरेस्ट चौकी क्षेत्र के सिमरी खुर्द गांव में शुक्रवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मगरमच्छ बस्ती के भीतर पहुंच गया। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है, जहां स्कूल के पास मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार, रात में फुसकारने की आवाज सुनाई देने पर जब टॉर्च से देखा गया, तो करीब 3 फीट का मगरमच्छ का बच्चा बस्ती में चहल-कदमी करता नजर आया। इसके बाद तत्काल डायल 112 और वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और माला फॉरेस्ट चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद उसे माला जलाशय में छोड़ दिया गया।

वन विभाग के अनुसार, बस्ती के पास स्थित एक तलैया में यह मगरमच्छ लंबे समय से रह रहा था, लेकिन गर्मी के कारण पानी सूख जाने से वह रात के समय ठंडक की तलाश में बस्ती की ओर आ गया।

माला फॉरेस्ट चौकी में पदस्थ राजेंद्र कुमार चनपुरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर जलाशय में छोड़ दिया। समय रहते रेस्क्यू होने से एक बड़ा हादसा टल गया।

फिलहाल सिमरी खुर्द की खेतिहर भूमि से लगी शून्य नदी में मगरमच्छों की मौजूदगी के चलते तटीय क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात के समय जल स्त्रोतों के पास न जाने की अपील की है।

# तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, एक दर्जन लोग घायल

**सागर के बड़ा से लगुन कार्यक्रम से वापस गांव मनका लौट रहे थे, अंधे मोड़ पर हुआ हादसा: पुलिस कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेजगढ़ थाना की इमलिया चौकी अंतर्गत मनका गांव के समीप शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जिसमें 12 लोग घायल हो गए घटना की सूचना राहगीरों द्वारा इमलिया चौकी प्रभारी सहित 108 वाहन को दी गई व घायलों को 108 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के चलते उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सभी लोग सागर जिले के बंडा से लगून से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया जानकारी देते हुए घायल अशोक अहिरवार ने बताया कि हम लोग पिकअप वाहन में करीब 15 लोग सवार थे जो लगून कार्यक्रम से वापस अपने गांव मनका लौट रहे थे तभी गांव के नजदीक पहुंचते ही अंधे मोड पर पिकअप वाहन नियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इस हादसे में 12 लोग घायल हो गए। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर चक्रेश चौधरी के द्वारा सभी का इलाज किया गया घायलों में धर्मू पिता मुन्ना अहिरवार 35 निवासी मनका पुलिस चौकी इमलिया को अधिक चोट आने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं अशोक अहिरवार, गोकूल, संजय चंद्रभान तुलसी, सौरभ, केरन, पिंटू पिता भजन लाल, टुटेली और राजू को मामूली चोट आई जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई वहीं घटना की जानकारी मिलते ही इमलिया चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा घटनास्थल पहुंचे लेकिन तब तक घायल हुए लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंच चुके थे जहां चौकी प्रभारी ने जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से जानकारी ली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## सहायक यंत्री तत्काल प्रभाव से निलंबित
### ग्रेवल प्रोफाइल कार्यों में गड़बड़ी पर बड़ा एक्शन

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए मनोज कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गुप्ता, जो पहले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में सहायक यंत्री के रूप में कार्यरत थे, उन पर मुख्यमंत्री अवसंरचना मद 6084 के तहत ग्रेवल प्रोफाइल सुधार कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पाए गए। जारी आदेश के अनुसार, यह कार्रवाई म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत की गई है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा परिक्षेत्र जबलपुर निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में मनोज गुप्ता को नियमा नुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस कार्रवाई को विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# परीक्षित जन्म एवं महाभारत चरित्र पर विस्तृत कथा, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



**दमोह।** ग्राम ईमलाइ में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के अंतर्गत 25 अप्रैल को कथा के तीसरे दिवस परीक्षित जन्म एवं महाभारत चरित्र का अत्यंत विस्तृत एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथा व्यास पं. कमलेश्वरनंद जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी और मधुर शैली से कथा को इस प्रकार प्रस्तुत किया कि पूरा पांडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। महाराज श्री ने बताया कि परीक्षित का जन्म भगवान की विशेष कृपा से हुआ था। उन्होंने गर्भ में ही दिव्य शक्तियों का संरक्षण पाया, जो यह दर्शाता है कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा हर परिस्थिति में करते हैं। परीक्षित का जीवन धर्म, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने का प्रेरणास्त्रोत है। कथा के दौरान महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का गहराई से वर्णन करते हुए महाराज जी ने पांडवों के संघर्ष, तथा कौरवों के अहंकार का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि महाभारत केवल युद्ध का इतिहास नहीं, बल्कि मानव जीवन के प्रत्येक पहलू—धर्म, कर्म, नीति और न्याय—का सजीव मार्गदर्शन है। महाराज जी ने कहा कि वर्तमान समय में भी महाभारत के संदेश अत्यंत प्रासंगिक हैं। यदि व्यक्ति अपने जीवन में धर्म और सत्य को अपनाए, तो सभी समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सदाचार, सेवा और संस्कारों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु झूमते नजर आए और "राधे-श्याम" के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा श्रोता श्रीमती वैजयंती रामचरन साहू एवं महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की भव्यता और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम के अंत में आरती कर समस्त क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

## पिकअप और दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, तीन गंभीर



**बनवार (दमोह)।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर नोहटा थाना क्षेत्र के बलखंड माता मंदिर के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो बाइक सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दमोह से जबलपुर की ओर जा रही एक पिकअप वाहन की टक्कर जलहरी गांव से नोहटा साप्ताहिक बाजार जा रहे दो बाइक सवारों से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बाइक पिकअप वाहन के पहियों के नीचे आ गई, जबकि दूसरी बाइक सड़क किनारे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित होकर जाम जैसी स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि सभी घायल जलहरी गांव के निवासी हैं, जो साप्ताहिक बाजार में खरीदारी और शादी की तैयारियों के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बलखंड माता मंदिर के पास यह दुर्घटना हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने वाहन एवं निजी साधनों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में भरत चक्रवर्ती (27), उनकी पत्नी पिंकी चक्रवर्ती (25), मां फुल रानी (55) सहित एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता पर फूटा जन आक्रोश

## भाजपा ने निकाली रैली, पुतला दहन किया



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद में विरोध किए जाने के विरोध में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के हृदय स्थल घंटाघर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी, कांग्रेस और विपक्षी दलों के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसका विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच उजागर की है। भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय ने कहा कि इस अधिनियम का विरोध करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने वाला कदम है, जिसे विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते नकार दिया। पार्षद श्रीमती कविता राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस इन प्रयासों को भी राजनीति का विषय बना रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस और विपक्ष का इसका विरोध करना उनकी संकीर्ण और महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। आज देश की महिलाएं जागरूक हैं और वे ऐसे विरोध का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। कार्यक्रम के अंत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और राहुल गांधी सहित विपक्षी दलों के पुतलों का दहन कर यह संदेश दिया कि नारी शक्ति के अपमान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेश पटेल, रामेश्वर चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री श्रीमती कुसुम खरे, श्रीमती मालती असाटी, श्रीमती वर्षा रैकवार, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, श्रीमती गिरजा साहू, श्रीमती नीतू दुबे, श्रीमती कृष्णा सेंगर, श्रीमती अनिता मिश्रा, श्रीमती रेखा बाई अहिरवार, श्रीमती सुमन मिश्रा, श्रीमती दुर्गेश मिश्रा, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती, श्रीमती रेणु रजक, श्रीमती नीतू दुबे, श्रीमती छाया साहू, श्रीमती ब्रजलता पाठक, श्रीमती उर्मिला पटेल, श्रीमती अमृता राजपूत, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, मनीष तिवारी, जिला मंत्री भारत यादव मंडल, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई अरुण सोनी, कृष्णा राज, संतोष रोहित, सोनू यादव, सिकंदर खरारे, विशाल शिवहरे, अमित सैनी, आशीष राय, संदीप शर्मा, निलेश सिंघाई वेद दुबे, कार्तिक शैलार, हरी रजक, शिवेंद्र तिवारी, अखिलेश चौबे, राजुल चौरसिया, गौरव चौरसिया, हर्ष पटेल, पियूष नामदेव, विधान पाराशर, आदित्य सिरोठिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**निरीक्षण के बाद भी नहीं हुई सफाई...**
# जबेरा मुख्य बस स्टैंड पर गंदगी का साम्राज्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

किसी भी नगर का बस स्टैंड उस नगर का हृदय स्थल कहा जाता है एक पुरानी कहावत है कि बस स्टैंड को देख करके ही नगर के बारे में अनुमान लग जाता है। जबेरा के बस स्टैंड पर फैली गंदगी ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों ,व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी है बस स्टैंड परिसर में बने सार्वजनिक मूत्रालय एवं शौचालय से उठ रही तीव्र बदबू के कारण लोगों का वहां बैठना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड पर साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ठप है यहां से हजारों यात्री प्रतिदिन आते जाते है लेकिन साफ सफाई की व्यवस्था न होने के कारण पूरा परिसर गंदगी से पटा हुआ है। यात्रियों के साथ-साथ आसपास के दुकानदार भी इस स्थिति से खासे परेशान है विगत दिवस कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार सोनम पांडे को बस स्टैंड का निरीक्षण कराया था निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था दूरस्थ कर दी जावेगी। हालांकि आज दिनांक तक स्थिति जस कि तस बनी हुई है जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि बस स्टैंड परिसर में जनपद पंचायत जबेरा की लगभग 22 दुकान संचालित हैं जिनसे हर महीने लगभग 22 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त होता है इसके बावजूद भी साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था सुधारने एवं जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि यात्रियों एवं व्यापारियों को राहत मिल सके।

### राज्यमंत्री श्री लोधी ने सुनी समस्याए

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज निज कार्यालय नोहटा में जबेरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामोंवासियों से सौजन्य भेट की एवं उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

### प्रमुख जन गोष्ठी आज

**दमोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आज शाम 4 बजे स्थानीय डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित होगा। इसमें शहर के प्रमुख नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. पूर्णेन्दु सक्सैना (प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं व्ही बाय मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, रायपुर के निदेशक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे प्रमुख जनों के साथ संवाद एवं विचार-विमर्श करेंगे।

# जिसकी नजर छोटे से छोटे पर चली जाती है वही श्रेष्ठ बनता है - नीरज नारायण जी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

किसी भी कार्यक्रम में अपनों से छोटे को श्रेय देना चाहिए जैसे भगवान श्रीराम हमेशा अपने छोटों की ही प्रशंसा करते थे एवं छोटों को ही उन्होंने श्रेय दिया था। छोटो का साथ नहीं छोड़ा इसलिए वह श्रेष्ठ थे जिसकी नजर छोटी से छोटे पर चली जाती है वही संसार में श्रेष्ठ बनता है उगते उद्गार ग्राम विलाई में भाजपा नेता चंद्रभान पटेल शिक्षक महेंद्र पटेल की आवास पर चल रही है। सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के छठवें दिवस सनातन समन्वय संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष महाराज श्री नीरज नारायण जी वृंदावन धाम नहीं कथा के दौरान व्यक्त किये उन्होंने कथा में आगे भगवान श्री कृष्ण की रहसलीला का वर्णन करते हुए बताया कि गोपी कौन है। गोपी वह है सोते-जाते हमेशा हर सांस में कृष्ण के प्रति अनुराग करती है वह गोपी है जिसके हृदय में कृष्ण की लालसा के अलावा और कुछ भी नहीं है वही गोपी है। कथा में व्यास जी महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांच परिवर्तन के तहत पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए सभी श्रोताओं से अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाए जाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण मनुष्य के लिए कितना जरूरी है वायु की कीमत कितनी है कोरोना कल में सभी को ज्ञात हो गया। पेड़ लगाने एवं वृक्षों की सेवा करना परमात्मा की सेवा करने के बराबर ही है। कथा के अंत में भगवान कृष्ण रुक्मणी विवाह का सचित्र बड़ा सुंदर वर्णन कथा के माध्यम से बताया गया विवाह गीतों पर श्रोताओं द्वारा खूब बधाई नृत्य किया गया। कथा में बुंदेलखंड के विख्यात संत अजब धाम साला के महंत राम अनुग्रह दास छोटे सरकार जी ने कथा में पहुंचकर व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास जी महाराज का सम्मान किया। कथा के दौरान भिलाई गांव के अलावा हटा दमोह एवं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## बम्होरी माल में नव दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ की शुरुआत हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बम्होरी माल में समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित होने जा रही धार्मिक माहौल के बीच नव दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ की कलश यात्रा खेर माता मंदिर से गुरुवार को बैड- बाजो के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। जहां ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर जगह-जगह ग्रामवासियों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। साथ ही यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा और रात्रि में कनकतला से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन भी होगा। शोभा यात्रा में महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया है। ग्राम के सरपंच दिलीप मिश्रा ने बताया यह शुभ कार्य सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली के साथ 1मई तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन पूजा-पाठ ,हवन एवं विभिन्न धार्मिक कार्य किए जाएंगे। साथ ही सभी पुरूषों ने पीले वस्त्र धारण किए इसके अलावा बग्गी में राधे कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ यज्ञ आचार्य पंडित डॉ धीरेंद्र मनीषी,कथा व्यास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री, यज्ञआचार्य पंडित मोहन कुमार दुबे , ग्रामचार्य पंडित सुरेन्द्र मिश्रा विराजमान थे।

## शहर में जल सप्लाई अब 2 दिन छोड़कर होगी

**दमोह।** नगर की जल प्रदाय व्यवस्था इन दिनों कई तकनीकी और मौसमी चुनौतियों से गुजर रही हैं। बिजली आपूर्ति व्यवस्था (पावर कट) और पेयजल टंकियों से पानी की बढ़ती मांग के कारण जल आपूर्ति प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा हैं। स्थिति यह है कि सप्लाई लाइनों में अधिक मात्रा में पानी भेजना पड़ रहा है, जिससे पेयजल टंकियों को भरने में अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है। इस कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को समय पर पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नगर पालिका अधिकारी दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने अस्थायी व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। वर्तमान ग्रीष्मकाल के दौरान दमोह नगर में अब दो दिन छोड़कर (एक दिन अंतराल के साथ) पेयजल सप्लाई की जाएगी। यह व्यवस्था तब तक प्रभावी रहेगी जब तक जल आपूर्ति की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा वे पानी का संयमित उपयोग करें और इस अस्थायी व्यवस्था में सहयोग दिया जाये। असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया है कि स्थिति को जल्द से जल्द सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं।